# दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय

सिविल लाइन्स, गोरखपुर–273001

सम्बद्ध : दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

# दिगंत

**ई-पत्रिका:अप्रैल-2024**




उत्तर प्रदेश शासन द्वारा 'अ' श्रेणी में वर्गीकृत


**Website** : www.dnpgcollege.edu.in **Helpline Email** : dnpgonline@gmail.com

**Office Email** : dnpggkp@gmail.com **Contact Number** : 0551-2334549


For Social App links (Click one icon) :



# दिगंत-ई-पत्रिका:अप्रैल-2024

## संरक्षक मण्डल



**परमपूज्य गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ जी महाराज**

## मुख्य संरक्षक



**प्रो.उदय प्रताप सिंह**
अध्यक्ष, महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद, गोरखपुर



**श्री प्रमोद कुमार चौधरी**
उपाध्यक्ष, महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद, गोरखपुर

## सम्पादक मण्डल



**प्रो. ओम प्रकाश सिंह,प्राचार्य**

## प्रधान सम्पादक

1. **डॉ. सुभाष चन्द्र,** सहायक आचार्य, बी.एड. विभाग

2. **डॉ. विभा सिंह,** सहायक आचार्य, हिन्दी विभाग

3. **डॉ. प्रियंका सिंह,** सहायक आचार्य, राजनीति विज्ञान विभाग

4. **श्री अश्वनी कुमार श्रीवास्तव,** तकनीकी सहायक


April-2024



# कार्यक्रम विवरण-

| क्र.सं. | दिनांक एवं दिन | विभाग का नाम | कार्यक्रम का नाम | पेज नं. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 02.04.2024 | रसायन विज्ञान विभाग | विशिष्ट व्याख्यान | 1 |
| 2 | 02.04.2024 | शिक्षाशास्त्र विभाग | मासिक धर्म एवं स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम | 2–3 |
| 3 | 03.04.2024 | समाजशास्त्र विभाग | विदाई समारोह | 3 |
| 4 | 03.04.2024 | रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग | एकेडमिक आडिट | 3–4 |
| 5 | 04.04.2024 | प्राणि विज्ञान विभाग | एकेडमिक आडिट | 4 |
| 6 | 07.04.2024 | राजनीति विज्ञान विभाग | विदाई समारोह | 4–5 |
| 7 | 08.04.2024 | महाविद्यालय | अभिभावक शिक्षक सम्मेलन | 5–6 |
|  | 09.04.2024 | कम्प्यूटर विज्ञान विभाग | इंडियन पेटेंट पब्लिश | 6 |
| 8 | 09.04.2024 | वाणिज्य विभाग | कैरियर काउसिंलिंग | 7 |
| 9 | 10.04.2024 | शिक्षाशास्त्र विभाग | विदाई समारोह | 7–8 |

April-2024



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 10 | 10.04.2024 | बी.एड. विभाग | विशिष्ट व्याख्यान | 8 |
| 11 | 13.04.2024 | बी.एड. विभाग | शैक्षणिक भ्रमण | 9 |
| 12 | 15.04.2024 | बी.एड. विभाग | दो दिवसीय योग कार्यशाला | 9–10 |
| 13 | 16.04.2024 | बी.एड. विभाग | दो दिवसीय योग कार्यशाला | |
| 14 | 16.04.2024 | राजनीति विज्ञान विभाग | एकेडमिक ऑडिट | 10 |
| 15 | 19.04.2024 | शारीरिक शिक्षा विभाग | वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह | 11 |
| 16 | 25.04.2024 | बी.एड. विभाग | स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम | 12–13 |
| 17 | 30.04.2024 | बी.एड. विभाग | साक्षरता कार्यक्रम | 13 |

April-2024



# अतिथि व्याख्यान





दिनांक 02.04.2024 को महाविद्यालय के रसायनशास्त्र विभाग द्वारा **''कृतिम बुद्विमता से कार्बनिक रसायन में बेहतर अवसर''** विषय पर एक अतिथि व्याख्यान आयोजित हुआ। विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ0 कमलेश कुमार सहायक आचार्य, रसायनशास्त्र विभाग, किरोड़ी मल कालेज, दिल्ली विश्वविद्यालय थे। अपने उद्बोधन में उन्होंने बताया कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता वर्तमान परिवेश में तेजी से डिजिटल क्रांति के रूप में आम जनमानस में भाग लेता हुआ दिखाई दे रहा है विकास के भौगोलिक परिवेश में आने वाला कल कृत्रिम बुद्धिमत्ता से जुड़ता जायेगा। वो वक्त दूर नही जब कृत्रिम बुद्धिमत्ता से रक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा अर्थात समस्त आवश्यकता कृत्रिम बुद्धिमत्ता के अधीन होगी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि डाटा संग्रह के द्वारा कम्प्यूटर की तकनीक का उपयोग जिस प्रकार किया जा रहा है उससे हम कई विज्ञान तकनीकी द्वारा नई सम्भावनाओं से रसायनों की खोज कर सकेंगे। जिससे आधुनिक औषधियों के निर्माण एवं वातावरण को प्रदूषण से भी रोका जा सकता है।

# मासिक धर्म एवं स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम






दिनांक 02.04.2024 को महाविद्यालय के शिक्षाशास्त्र विभाग एवं नाइन प्राइवेट लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में मासिक धर्म एवं स्वच्छता संबंधी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में डॉ सुनीता पटेल उप जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी ने मासिक धर्म संबंधी

स्वच्छता के बारे में जागरूक करते हुए बताया कि मासिक धर्म कोई बीमारी या अशुद्धि वाली चीज नहीं है। इसके विषय में जानकारी के अभाव में बहुत सारी बीमारियां जैसे सर्वाइकल कैंसर, संक्रमण आदि हो जाती हैं। बालिकाओं को इस सब चीजों के बारे में जानना अति आवश्यक है।

कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की शिक्षा शास्त्र विभाग की सहायक आचार्य डॉक्टर मीतू सिंह थीं। अपने उद्बोधन में उन्होंने ने कहा कि प्राचीन काल में महिलाओं की स्थिति बहुत सशक्त थी। मध्यकाल में इस स्थिति में उत्तरोत्तर गिरावट आनी शुरू हो गई। अब वर्तमान समय पुनः नारी सशक्तिकरण का युग है

अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि बालकों की शिक्षा से एक व्यक्ति का विकास होता है जबकि बालिकाओं की शिक्षा से दो–दो परिवारों का विकास होता है और इस प्रकार बालिकाओं की शिक्षा राष्ट्र के विकास में ज्यादा महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर रुक्मणी चौधरी ने अतिथि परिचय डॉक्टर जागृति विश्वकर्मा ने एवं आभार ज्ञापन विभाग की प्रभारी

डॉ. निधि राय ने किया। कार्यक्रम में लगभग 3000 छात्राओं को नाइन प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा सैनिटरी पैड के सैंपल का वितरण कराया गया।

## एम.ए. द्वितीय वर्ष के विदाई समारोह का आयोजन



दिनांक 03.04.2023 को महाविद्यालय में एम.ए. समाजशास्त्र के विद्यार्थियों द्वारा एम.ए. प्रथम वर्ष के स्वागत समारोह एवं एम.ए. द्वितीय वर्ष के विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि समाज में संस्कारित विद्यार्थी एक सभ्य समाज के निर्माण में सहयोगी बनते हैं।

सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की प्रभारी प्रो. अर्चना सिंह ने कहा कि हमारे विद्यार्थी अपनी रूचि के क्षेत्र में आगे बेहतर और अपेक्षित योगदान दें तो इस देश की प्रगति में सम्यक प्रयास होगा।

## विभागीय लेखा परीक्षण



दिनांक 03 अप्रैल 2024 को महाविद्यालय के रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग का एकेडमिक आडिट हुआ। बुद्ध स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कुशीनगर के प्राचार्य प्रो. विनोद मोहन मिश्रा ने बतौर ऑडिटर पाठ्यक्रमो, कक्षा अध्यापन, मासिक मूल्यांकन, कक्षा में विद्यार्थियों की उपस्थिति, अतिथि व्याख्यान, विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास हेतु विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयास,

संस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन विभाग में उपलब्ध संसाधन एवं विभाग द्वारा संपन्न किए जाने वाली अन्य गतिविधियों इत्यादि पर चर्चा करते हुए विभागीय पुस्तकालय में पुस्तकों के रख रखाव एवं विद्यार्थियों के उपलब्धता की प्रशंसा की। विभाग के प्रभारी डॉ. राम प्रसाद यादव ने विभाग के उपलब्धियों के बारे में बताया। ऑडिट करने के बाद ऑडिट रिपोर्ट प्रो. विनोद मोहन मिश्रा ने सील बंद लिफाफे में प्राचार्य प्रो.ओम प्रकाश सिंह को सौंप दिया।

## प्राणि विज्ञान विभाग एकेडमिक आडिट



दिनांक 4 अप्रैल 2024 को महाविद्यालय के प्राणी विज्ञान विभाग की प्रभारी डॉ अनीता कुमारी के नेतृत्व में सत्र 2023–24 के एकेडमिक आडिट का आयोजन डॉक्टर सुनील कुमार सिंह असिस्टेंट प्रोफेसर प्राणी विज्ञान विभाग दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर के निर्देशन में संपादित किया गया।

डॉ. सिंह ने महाविद्यालय के शैक्षणिक सत्र 2023–24 के समस्त अभिलेखों की जॉच करते हुए आवश्यक सुझाव दिया, जिन्हें भविष्य में क्रियान्वित करने का निश्चय किया गया। इसके साथ ही उन्होंने जूलॉजिकल सोसाइटी द्वारा किए गए कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यह छात्र–छात्राओं के अकादमिक व व्यक्तित्व विकास में मिल का पत्थर साबित होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर ओम प्रकाश सिंह ने प्राणी विज्ञान के कार्यों की प्रशंसा के साथ भविष्य में और बेहतर कार्यों के लिए सुझाव दिया।

## विदाई समारोह

दिनांक 07.04.2023 को महाविद्यालय में एम.ए.प्रथम, राजनीति विज्ञान के विद्यार्थियों द्वारा एम.ए. द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य



April-2024

अतिथि के रूप में बोलते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि स्वागत एवं विदाई हमारे संस्कृति का हिस्सा है, जो हमारी स्मृति में सदैव जीवंत रहती हैं। स्मृतियां संजीवनी की काम करती हैं इसलिए स्मृतियों को संजो कर रखना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन विजय एवं नवीन ने किया। इस अवसर पर डॉ. इंद्रेश पाण्डेय, डॉ शैलेश कुमार सिंह , डॉ. प्रियंका सिंह, श्रीवर्धन त्रिपाठी के साथ ही प्रो परीक्षित सिंह, डॉ. जितेन्द्र पाण्डेय, डॉ. दीपक, श्री शुभम मिश्रा सहित महाविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी व विद्यार्थी उपस्थित रहें।

## अभिभावक शिक्षक सम्मेलन






**दिनांक 08.04.2024 को** महाविद्यालय, के **अभिभावक–शिक्षक सम्मेलन का आयोजन महंत अवेद्यनाथ स्मृति सभागार में सम्पन्न हुआ।** कार्यक्रम के **मुख्य अतिथि मेजर डॉ. श्रीभगवान सिंह, प्राचार्य, महंत अवेद्यनाथ महाविद्यालय चौक बाजार, महराजगंज** थे। इस अवसर पर उन्होने कहा कि अभिभावक–शिक्षक समन्वय से ही विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। अभिभावकों को अपनी अपेक्षाएं अपने पाल्यों पर दबाव पूर्वक नहीं थोपना चाहिए बल्कि उसके रूचि के अनुसार आगे बढ़ने में सहयोग प्रदान करना चाहिए। **कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य, प्रो. ओम प्रकाश सिंह** ने कहा कि अभिभावक–शिक्षक सम्मेलन परिसर और परिवार के संवाद का एक सशक्त माध्यम है। इसलिए अभिभावकों को ऐसे सम्मेलन में बढ़–चढ़कर प्रतिभाग करना चाहिए। विद्यार्थियों के उन्नति में शिक्षकों तथा अभिभावकों की समान भूमिका होती है।

**कार्यक्रम का संचालन डॉ. संजय कुमार त्रिपाठी एवं धन्यवाद ज्ञापन के कार्यक्रम के संयोजक डॉ. अखण्ड प्रताप सिंह** ने किया। उक्त अवसर पर **प्रो. परीक्षित सिंह, प्रो. शशि प्रभा सिंह, प्रो. धीरेन्द्र सिंह, डॉ. राकेश कुमार, डॉ. विभा सिंह, डॉ. राजेश सिंह सहित महाविद्यालय के शिक्षक एवं अभिभावक** उपस्थित रहे।

## डॉ. पवन कुमार पाण्डेय एवं उनकी टीम ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित एजुकेशनल टूल पर कराया इंडियन पेटेंट पब्लिश



दिनांक 09.04.2024 को महाविद्यालय के शिक्षक डॉ. पवन कुमार पाण्डेय, कंप्यूटर विज्ञान विभाग एवं उनकी टीम ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर आधारित विषय 'एन.एल.पी और डीप लर्निंग का उपयोग करते हुए उन्नत भाषा सीखने के मंच को बढ़ावा देने के लिए ऑटिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित डिजिटल शैक्षिक उपकरण' पर एक भारतीय पेटेंट पब्लिश किया है।

इस कार्य में उनके मुख्य सहयोगी के रूप में डॉ मनमोहन शुक्ला, एडिशनल डायरेक्टर, प्राणवीर सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, कानपुर, डॉ विशाल नागर, डीन, कंप्यूटर विज्ञान, प्राणवीर सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, डॉ हरीश सैनी, सीनियर ट्रेनर, कोडिंग, मोहाली पंजाब, डॉ ललित कुमार, सहायक आचार्य, कंप्यूटर विज्ञान विभाग चंडीगढ यूनिवर्सिटी एवं श्री हरिशंकर गुप्ता, विभागाध्यक्ष, बीसीए विभाग, दिग्विजयनाथ पी.जी कॉलेज गोरखपुर रहे।



## कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया।




दिनांक 10.04.2024 को महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा कैरियर काउसिलिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ अविनाश श्रीवास्तव बालाजी एकेडमी गोरखपुर थे। विद्यार्थियों को कैरियर काउंसलिंग विषय पर संबोधित करते उन्होने हुए कहा की हर छात्र विषय का चुनाव अपनी रूचि के अनुसार ही करे, लेकिन वह रुचि उसके भविष्य को कितना सुरक्षित और उज्जवल बनाती है, यह जान लेना भी जरूरी है। अकाउंटेंट, अनालीसिस्ट, स्टॉक एक्सचेंज मार्केट से लेकर बैंक, फॉरेन ट्रेड और मार्केटिंग फील्ड तक, किसी भी सेक्टर में अच्छी जॉब पा सकते हैं। डॉ अविनाश जी ने रोजगार प्राप्त करने कि संभावनाओं पर बोलते हुए कहा कि आज के प्रतियोगी परिवेश में अगर सफलता प्राप्त करना है तो तकनीकी शिक्षा का ज्ञान होना बहुत आवश्यक है। **डॉ. पवन कुमार पांडेय, संयोजक प्लेसमेंट सेल ने कार्यक्रम की प्रस्ताविकी में कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए लक्ष्य निर्धारित करना ही सफल विद्यार्थी के गुण होते है बिना लक्ष्य के किसी भी कार्य में सफलता नही मिलती है।**

## विदाई समारोह






दिनांक 10.04.2024 को महाविद्यालय गोरखपुर के शिक्षाशास्त्र विभाग द्वारा परास्नातक विद्यार्थियों के विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो० ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि शिक्षा सर्वांगीण विकास की प्रक्रिया है। शिक्षा

April-2024




व्यक्ति को जागरूक बनाती है जिससे वह अपनी सक्षमता एवं दुर्बलता को पहचानने में सक्षम होता है। शिक्षा की प्रक्रिया सतत् रूप से चलती रहती है। विद्यार्थियों को इस महाविद्यालय में एक शैक्षिक परिवेश मिला है जिसका उन्हें सदुपयोग अपने भावी जीवन में करना चाहिए।

**कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के मुख्य नियंता प्रोफेसर धीरेंद्र सिंह ने कहा कि** आप सभी विद्यार्थी यहां से प्राप्त शिक्षा के आधार पर अपने जीवन में निरंतर प्रगति करें।

## विशिष्ट व्याख्यान






दिनांक 13.04.2024 को महाविद्यालय के शिक्षक–शिक्षा (बी. एड.) विभाग में 'शिक्षक–प्रशिक्षण कार्यक्रम में सूक्ष्म–शिक्षण की उपादेयता' विषय पर विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में विशिष्ट वक्ता–प्रो. (डॉ.) गीता सिंह, पूर्व प्रभारी बी. एड. विभाग, दिग्विजयनाथ पी०जी० कालेज, गोरखपुर ने अपने उद्बोधन में कहा कि व्यक्ति आजीवन सीखता रहता है अर्थात् सीखने की कोई निश्चित उम्र नहीं होती है । सूक्ष्म–शिक्षण की उपादेयता पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि सूक्ष्म–शिक्षण शिक्षक–प्रशिक्षण कार्यक्रम की नींव होती है।

## बी.एड. द्वितीय सेमेस्टर के प्रशिक्षुओं हेतु शैक्षिक भ्रमण का आयोजन




महाविद्यालय के शिक्षक शिक्षा विभाग द्वारा बी०एड० द्वितीय सेमेस्टर के प्रशिक्षुओं हेतु शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन दिनांक 10/04/2024 को किया गया । जिसके अन्तर्गत प्रशिक्षुओं को नेपाल में स्थित लुंबिनी का भ्रमण कराया गया । सरस्वती यात्रा के माध्यम से प्रशिक्षुओं ने शैक्षिक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं भौगोलिक ज्ञान, स्थापत्य कला एवं उसके महत्व की जानकारी प्राप्त की। प्रशिक्षुओं ने सर्वप्रथम लुंबिनी में स्थिति भगवान बुद्ध के जन्म स्थल माया देवी मन्दिर का दर्शन किया । इसके उपरान्त अशोक स्तम्भ, बुद्ध जन्म मूर्ति, पवित्र जन्म स्थल, अंतर्राष्ट्रीय गुम्बा क्षेत्र, लुम्बिनी संग्राहलय, पवित्र कुण्ड, बेबी बुद्ध, विश्व शान्ति स्तूप तथा विभिन्न देशों द्वारा निर्मित बौद्ध मठों/विहारों का भ्रमण किया ।

## शिक्षक शिक्षा विभाग में द्विदिवसीय योग कार्यशाला का समापन






महाविद्यालय के शिक्षक शिक्षा विभाग में दिनांक 15–4–2024 से चल रहे द्विदिवसीय योग कार्यशाला का आयोजन हुआ। इस कार्यशाला के प्रथम दिवस पर प्रथम सत्र में योग प्रशिक्षिका डॉ. पूजा गुप्ता, राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय, गोरखपुर के द्वारा बी०एड० द्वितीय सेमेस्टर के प्रशिक्षुओं को योग का अर्थ, योग के सामान्य नियम, योग के महत्व, योग करते समय बरतने वाली सावधानियां

एवं विभिन्न प्रकार के शारीरिक व्याधियों को दूर करने में योग के फायदे पर चर्चा की गई ।

## विभागीय लेखा परीक्षण



दिनांक 15 अप्रैल 2024 को महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग का एकेडमिक आडिट हुआ। डॉ अविनाश प्रताप सिंह, असिस्टेंट प्रो राजनीति विज्ञान विभाग, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु सिद्धार्थ नगर ने बतौर ऑडिटर पाठ्यक्रमो, कक्षा अध्यापन, मासिक मूल्यांकन, कक्षा में विद्यार्थियों की उपस्थिति, अतिथि व्याख्यान, विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास हेतु विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयास, संस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन विभाग में उपलब्ध संसाधन एवं विभाग द्वारा संपन्न किए जाने वाली अन्य गतिविधियों इत्यादि पर चर्चा करते हुए विभागीय पुस्तकालय में पुस्तकों के रख रखाव एवं विद्यार्थियों के उपलब्धता की प्रशंसा की। विभाग के प्रभारी श्री इंद्रेश कुमार ने विभाग के उपलब्धियों के बारे में बताया। ऑडिट करने के बाद ऑडिट रिपोर्ट डॉ अविनाश प्रताप सिंह ने सील बंद लिफाफे में प्राचार्य प्रो.ओम प्रकाश सिंह को सौंप दिया। इस अवसर पर विभाग के प्राध्यापक डॉ. अखिल कुमार श्रीवास्तव, डॉ शैलेश कुमार सिंह डॉ प्रियंका सिंह श्री वर्धन त्रिपाठी तथा विभागीय परिचर श्री शिवेंद्र यादव उपस्थित रहे।

# वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह





दिनांक 19.04.2024 को महाविद्यालय में 01 व 02 मार्च 2024 को सम्पन्न हुई वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह संवाद कक्ष में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रो. विमलेश कुमार मिश्र, अध्यक्ष, क्रीड़ा परिषद, दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर थे। इस अवसर पर उन्होंने ने कहा कि खेल व्यक्तित्व निर्माण हेतु अत्यन्त आवश्यक है। खेल द्वारा धैर्य, एकाग्रता व सहयोग की भावना जागृत होती है। आज के दौर में खेल का दायरा महज मनोरंजन और फिटनेस तक सीमित नही रहा है, अब खेल बेहतर भविष्य के निर्माण का पथ भी प्रशस्त कर रहा है।

**वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि** एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के तहत आपको खेलना है। जहां प्रतिस्पर्धा का भाव होता है वहां सर्वोत्तम की उत्तरजीविता का नियम काम करता है। **क्रीड़ा परिषद के सचिव श्री अवधेश शुक्ल ने कार्यक्रम की प्रस्ताविकी देते हुए** बताया कि कुल 83 खिलाड़ियों सहित महाविद्यालय की वालीबाल, बास्केटबाल एवं कबड्डी टीम के खिलाड़ियों को आज पुरस्कृत किया गया। बालक वर्ग में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन शशि यादव जबकि बालिका वर्ग में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रौनक यादव ने किया। रौनक यादव का प्रदर्शन बालक व बालिक दोनों वर्गों में सर्वश्रेष्ठ रहा।

## विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर शिक्षक प्रशिक्षुओं द्वारा स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन ‘स्वच्छता हम अपनाएंगे, देश को हरा-भरा बनाएंगे’

**दिनांक 25.04.2024 को विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के बी.एड. विभाग के चतुर्थ सेमेस्टर के प्रशिक्षुओं द्वारा स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।** सम्पूर्ण स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम दो चरणों में संपन्न हुआ, कार्यक्रम के प्रथम चरण में प्रशिक्षुओं द्वारा स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। विभाग के प्रभारी प्रो. (डॉ.) अरुण कुमार तिवारी ने हरी झण्डी दिखाकर रैली को विभाग से रवाना किया। रैली में प्रशिक्षुओं ने स्वच्छता सम्बन्धी पोस्टर एवं विभिन्न स्लोगन एवं नारें लगाए।





## शिक्षक प्रशिक्षुओं द्वारा साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन ‘जहाँ न हो साक्षरता का वास, कैसे हो उस देश का विकास ?’



**दिनांक 30.04.2024 को महाविद्यालय के बी.एड. विभाग के चतुर्थ सेमेस्टर के प्रशिक्षुओं द्वारा साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

सम्पूर्ण साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम दो चरणों में संपन्न हुआ कार्यक्रम के प्रथम चरण में प्रशिक्षुओं





द्वारा साक्षरता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के द्वितीय चरण में साक्षरता जागरूकता के संबंध में प्रशिक्षुओं ने अपने–अपने विचार व्यक्त किए। प्रशिक्षुओं ने पर्यावरणीय साक्षरता, डिजिटल साक्षरता, वित्तीय साक्षरता एवं साँस्कृतिक साक्षरता पर नाटक मंचन द्वारा प्रस्तुति देकर विद्यार्थियों को जागरुक किया।

## नवनिर्वाचित पदाधिकारियों हेतु सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।



दिनांक 30.04.2024 को महाविद्यालय में नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रो. लोकेश त्रिपाठी का सम्मान महाविद्यालय के प्राचार्य, प्रो. ओमप्रकाश सिंह द्वारा माल्यार्पण कर किया गया, उपाध्यक्ष डॉ (प्रो.) रामावतार वर्मा का सम्मान महाविद्यालय के शिक्षक प्रो. नित्यानंद श्रीवास्तव द्वारा माल्यार्पण कर किया गया, महामंत्री डॉ. निरंकार त्रिपाठी का सम्मान महाविद्यालय के शिक्षक डॉ. विवेक शाही द्वारा माल्यार्पण कर किया गया।

**कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप पधारे प्रो. विभ्राट चन्द कौशिक,** दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री, उत्तर प्रदेश ने सभी पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा की हम लोगों को पूर्ण विश्वास है की आप लोग शिक्षक हित में कार्य करेंगे। **कार्यक्रम के अध्यक्ष प्राचार्य प्रो ओमप्रकाश सिंह ने कहा** की वर्तमान शिक्षक संघ शिक्षक अधिकार की रक्षा के साथ ही शैक्षणिक गुणवत्ता के उन्नयन हेतु भी कार्य करेगा।